# INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL, TABUK

## TERM- 1 (SESSION: 2025-26)

## PRACTICE SHEET 2

**CLASS: VIII SUBJECT: HINDI TOPIC: LESSON : 3,4,5,6**

| | |
|---|---|
| **I** | LESSON 3 : दीवानों की हस्ती<br><br>**प्रश्न 1.** कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है?<br>**प्रश्न 2.** भिखमंगों की दुनिया में बेरोक प्यार लुटानेवाला कवि ऐसा क्यों कहता है कि वह अपने हृदय पर असफलता का एक निशान भार की तरह लेकर जा रहा है? क्या वह निराश है या प्रसन्न है?<br>**प्रश्न 3.** कविता में ऐसी कौन-सी बात है जो आपको सबसे अच्छी लगी? |
| **II** | पदयांश को पढ़ कर दिये प्रश्नों का सही विकल्प चुनिए ।<br>*हम दीवानों की क्या हस्ती,*<br>*हैं आज यहाँ, कल वहाँ चले,*<br>*मस्ती का आलम साथ चला,*<br>*हम धूल उड़ाते जहाँ चले।*<br>*आए बनकर उल्लास अभी,*<br>*आँसू बनकर बह चले अभी,*<br>*सब कहते ही रह गए, अरे,*<br>*तुम कैसे आए, कहाँ चले?*<br><br>Question 1.<br>'दीवानों की हस्ती' कविता के रचयिता कौन हैं?<br>(a) महादेवी वर्मा(b) भगवतीचरण वर्मा(c) सुभाष गताडे(d) जया जादवानी<br><br>Question 2.<br>इस कविता में किसकी हस्ती की बात कही गई है?<br>(a) कवि की(b) दीवानों की(c) आम लोगों की(d) सभी की<br><br>Question 3<br><br>दीवाने शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है?<br><br>(a) कवि केलिए (b) बंजारों केलिए (c) आम लोगों केलिए (d) भिखारियों केलिए<br><br>Question 4<br><br>दीवानों के बारे में लोग क्या-क्या कहते हैं? |

| | |
|---|---|
| | (a) दीवाने उल्लास बनकर आए (b) दीवाने घमंडी है (c) दीवाने अमीर है (d) दीवाने डरपोक है<br><br>Question 5<br><br>दीवाने वहाँ से इतनी जल्दी क्यों जा रहे हैं?<br><br>(a) काम करने केलिए (b) उन का कहीं भी ठिकाना नहीं है (c) घर पहुँचने केलिए (d) लोग भगा देते है |
| III | शब्दार्थ : हस्ती , आलम , स्वच्छंद |
| | <u>LESSON 4 : भगवान के डाकिए</u> |
| I | **प्रश्न 1.** कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों बताया है? स्पष्ट कीजिए।<br>**प्रश्न 2.** पक्षी और बादल की चिट्ठियों में पेड़-पौधे, पानी और पहाड़ क्या पढ़ पाते हैं?<br>**प्रश्न 3.** "एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजती है"-कथन का भाव स्पष्ट कीजिए। |
| II | पदयांश को पढ़ कर दिये प्रश्नों का सही विकल्प चुनिए ।<br>*पक्षी और बादल,*<br>*ये भगवान के डाकिए हैं,*<br>*जो एक महादेश से*<br>*दूसरे महादेश को जाते हैं।*<br>*हम तो समझ नहीं पाते हैं*<br>*मगर उनकी लाई चिट्ठियाँ*<br>*पेड़, पौधे, पानी और पहाड़ बाँचते हैं।*<br><br>Question 1.<br>भगवान के डाकिए' के रचयिता कौन हैं?<br>(i) रामदरश मिश्र(ii) हरिशंकर परसाई(iii) भगवती चरण वर्मा(iv) रामधारी सिंह 'दिनकर'<br><br>Question 2.<br>इनके संदेश को कौन पढ़ सकते हैं?<br>(a) संसार में रहने वाले सभी लोग(b) सभी बुद्धिमान व्यक्ति(c) सभी जीव जंतु(d) पेड़, पौधे, पानी , पहाड़<br><br>Question 3.<br>भगवान के डाकिए इस संसार को क्या संदेश देना चाहते हैं?<br>(a) आपसी प्रेम का(b) विश्वबंधुत्व का(c) भेद-भाव न करने का(d) निरंतर आगे बढ़ने का<br><br>Question 4.<br>एक देश की धरती द्वारा भेजा गया सौरभ दूसरे देश की धरती तक कैसे पहुँचता है?<br>(a) हवा से(b) फूल से(c) धूल से(d) सुगंध |

| | |
|---|---|
| | Question 5.<br>'भगवान के डाकिए' द्वारा लाई गई चिट्ठियों को कौन नहीं पढ़ सकता है?<br>(a) इंसान(b) पेड़-पौधे(c) पानी(d) पहाड़ |
| III | **शब्दार्थ :** बाँचना ,आँकना , पांख , सौरभ , |
| | LESSON 5 : क्या निराश हुआ जाए |
| I | 1. दोषों का पर्दाफाश करना कब बुरा रूप ले सकता है?<br>2.आजकल के बहुत से समाचार पत्र या समाचार चैनल 'दोषों का पर्दाफाश कर रहे हैंइस प्रकार के समाचारों और कार्यक्रमों की सार्थकता पर तर्क सहित विचार लिखिए?<br>3.लेखक ने लेख का शीर्षक 'क्या निराश हुआ जाए' क्यों रखा होगा? क्या आप इससे भी बेहतर शीर्षक सुझा सकते हैं?<br>4.आपके विचार से हमारे महान विद्वानों ने किस तरह के भारत के सपने देखे थे? लिखिए। |
| II | गदयांश को पढ़ कर दिये प्रश्नों का सही विकल्प चुनिए ।<br>*मैं भी बहुत भयभीत था पर ड्राइवर को किसी तरह मार-पीट से बचाया। डेढ़-दो घंटे बीत गए। मेरे बच्चे भोजन और पानी के लिए व्याकुल थे। मेरी और पत्नी की हालत बुरी थी। लोगों ने ड्राइवर को मारा तो नहीं पर उसे बस से उतारकर एक जगह घेरकर रखा। कोई भी दुर्घटना होती है तो पहले ड्राइवर को समाप्त कर देना उचित जान पड़ा। मेरे गिड़गिड़ाने का कोई विशेष असर नहीं पड़ा। इसी समय क्या देखता हूँ कि एक खाली बस चली आ रही है और उस पर हमारा बस कंडक्टर भी बैठा हुआ है। उसने आते ही कहा, "अड्डे से नई बस लाया हूँ, इस बस पर बैठिए। वह बस चलाने लायक नहीं है।" फिर मेरे पास एक लोटे में पानी और थोड़ा दूध लेकर आया और बोला, "पंडित जी! बच्चों का रोना मुझसे देखा नहीं गया।"*<br><br>Question 1.<br>लोग ड्राइवर के साथ क्यों मारपीट कर रहे थे?<br>(a) बस ख़राब होने के कारण (b) बस न चलाने के कारण कंडक्टर के चले जाने के कारण (d) बस गलत जगह खड़ी करने के कारण<br>(c) Question 2.<br>लेखक ने किसको मार-पीट से बचाया?<br>(a) कंडक्टर को (b) ड्राइवर को (c) यात्रियों को (d) डाकुओं को<br><br>Question 3.<br>बस का कंडक्टर कहाँ गया था?<br>(a) पैसा जमा करने (b) डाकुओं को बुलाने (c) नई बस लाने (d) पुलिस को बुलाने<br>Question 4.<br>किसकी हालत बुरी हो रही थी?<br>(a) लेखक की (b) लेखक की पत्नी की (c) लेखक के बच्चों की (d) उपर्युक्त सभी की |

| | |
|---|---|
| | Question 5.<br>यात्रियों ने ड्राइवर के साथ क्या किया?<br>(a) उसे बस से उतार दिया (b) उसे एक जगह घेरकर रखा (c) पुलिस के हवाले कर दिया (d) उसे एक कमरे में बंद कर दिया। |
| III | शब्दार्थ : धर्म भीरु , पर्दाफाश , उजागर , गंतव्य , ढांढ़स |
| | LESSON 1 : यह सब से कठिन समय नहीं है |
| I | 1."यह कठिन समय नहीं है?" यह बताने के लिए कविता में कौन-कौन से तर्क प्रस्तुत किए गए हैं? स्पष्ट कीजिए<br>2.चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है? वह तिनकों का क्या करती होगी? लिखिए |
| II | पदयांश को पढ़ कर दिये प्रश्नों का सही विकल्प चुनिए ।<br>*नहीं, यह सबसे कठिन समय नहीं!*<br>*अभी भी दबा है चिड़िया की*<br>*चोंच में तिनका*<br>*और वह उड़ने की तैयारी में है!*<br>*अभी भी झरती हुई पत्ती*<br>*थामने को बैठा है हाथ एक*<br>*अभी भी भीड़ है स्टेशन पर*<br>*अभी भी एक रेलगाड़ी जाती है*<br>*गंतव्य तक*<br>*जहाँ कोई कर रहा होगा प्रतीक्षा*<br><br>Question 1.<br>कवयित्री इन पंक्तियों के माध्यम से क्या कहना चाहती है ?<br>(a) हमें निराश नहीं होना चाहिए(b) हमें परिश्रम करना चाहिए(c) हमें अपने भाग्य को प्रबल बनाना चाहिए (d) हमें संकोच नहीं करना चाहिए<br><br>Question 2.<br>चिड़िया चोंच में तिनका क्यों लिए है ?<br>(a) घोसलें में रखने के लिए(b) घोंसला बनाने के लिए(c) शीत से तापने के लिए(d) खाने के लिए<br><br>Question 3.<br>चिड़िया द्वारा तिनका ले लाना क्या प्रकट करता है ?<br>(a) वह बहुत सुखी है(b) वह उड़कर कहीं भी जा सकती हैं(c) वह जीवन के प्रति आशावान है(d) वह परिश्रमी है<br><br>Question 4.<br>स्टेशन की भीड़ क्या सिद्ध करती है ?<br>(a) लोग अपने काम पर आ जा रहे हैं(b) वे निराश नहीं हैं(c) वे भाग्यवान है(d) a और b दोनों सत्य हैं<br><br>Question 5.<br>रेलगाड़ी में समास बताइए।<br>(a) रेल पर चलाने वाली गाड़ी-तत्पुरुष(b) रेल में गाड़ी-तत्पुरुष(c) रेल और गाड़ी-वैद्व(d) रेल है जो गाड़ी-कर्म धारय |